राजस्थान सरकार

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, आर.एच.एस.डी.पी.

खण्ड द्वितीय जयपुर

सी–ब्लॉक स्वास्थ्य भवन,
तिलक मार्ग सी–स्कीम,
जयपुर–302005(राज.)

फोनः 0141–5110743
फैक्सः 0141–5110736

क्रमांकःप.01( )/आरएचएसडीपी/खण्ड–2/09–10/ 143 **दिनांक :–13.08.2009**

निविदा सूचना – 2

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से विभिन्न स्थानों पर एन.आर.एच.एम. योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में सीलबन्द लिफाफों में निविदायें आमन्त्रित की जाती है। जो संवेदक केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग डाक एवं दूर संचार, रेलवे या अन्य राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों जो कि राज्य सरकार के "ए" एवं "एए" संवेदकों के समकक्ष हों, निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है। **यह निविदायें दिनांक 23.09.09 तक अधिशाषी अभियन्ता राजस्थान हैल्थ सिस्टम्स डवलपमेन्ट प्रोजेक्ट, खण्ड द्वितीय, जयपुर के कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा करा कर कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है।** निविदा शुल्क अधिशाषी अभियन्ता आर.एच.एस.डी.पी, खण्ड द्वितीय, जयपुर **A/c** स्टेट हैल्थ सोसायटी को देय नगद अथवा सिड्यूल बैंक के डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे आर्डर के रूप में जमा कराया जा सकता है। पूर्ण रूप से भरी हुई निविदायें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 25.09.09 को अपरान्ह 3.00 बजे तक जमा कराई जा सकेगी एवं उसी दिन अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में पोस्ट एसेसमेन्ट बिड अपरान्ह 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी। निविदायें बेचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक को अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस को निविदायें बेची, प्राप्त व खोली जा सकेगी। निविदा प्रपत्र की शर्तें आदि अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालय समय में देखी जा सकती है।

कार्य के लिए नियमानुसार पोस्ट एसेसमेन्ट पद्धति के अनुसार दो लिफाफों की प्रक्रिया अपनाई जायेगी। पहले लिफाफे में पोस्ट एसेसमेन्ट संबंधित सूचना, बिक्री कर चुकता प्रमाण पत्र एवं धरोहर राशि संलग्न होगी। जबकि दूसरे लिफाफे में शर्त रहित वित्तीय बिड होगी। पोस्ट एसेसमेन्ट एवं वित्तीय बिडस् अलग–अलग लिफाफों में एक साथ प्राप्त की जायेगी। पोस्ट एसेसमेन्ट निविदा में सफल निविदादाताओं की वित्तीय बिड दिनांक 07.10.09 को प्रातः 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में खोली जावेगी। निविदा दाता द्वारा निविदा के साथ सारणी में दर्शायें अनुसार धरोहर राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे आर्डर अधिशाषी अभियन्ता आर.एच.एस.डी.पी, खण्ड द्वितीय, जयपुर **A/c** स्टेट हैल्थ सोसायटी को देय, संलग्न करना आवश्यक होगा, अन्यथा निविदा मान्य नहीं होगी।

किसी भी निविदा को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगें।

नोटः– 1. श्रेणीवार पंजीकृत संवेदक निम्नानुसार निविदा प्रेषित कर सकते हैः–

i. एए क्लास .... सभी कार्यो के लिए

ii. ए क्लास .... 3.0 करोड तक

क्र. सं.	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाखों में)	धरोहर राशि (रू. में)	निविदा शुल्क (रू. में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि
1.	सीकर	सा.स्वा. केन्द्र पाटन, गुहाला, रींगस व अजीतगढ में रिपेयर व निर्माण कार्य (पैकेज न.3/सीकर/एनआरएचएम/2009–10)	198.00	3,96,000/–	1000.00	9 माह
2.	सीकर	सा.स्वा. केन्द्र कूदन, पिपराली व रामगढ सेठान में रिपेयर व निर्माण कार्य (पैकेज न.4/सीकर/एनआरएचएम/2009–10)	151.00	3,02,000/–	1000.00	9 माह
3.	सीकर	सा.स्वा. केन्द्र खाटूश्याम जी, लोसल व खाचरियावास में रिपेयर व निर्माण कार्य (पैकेज न.5/सीकर/एनआरएचएम/2009–10)	151.00	3,02,000/–	1000.00	9 माह

इसके अतिरिक्त विशेष शर्तें निविदा प्रपत्र में तथा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है।

अधिशाषी अभियन्ता
आर.एच.एस.डी.पी. खण्ड द्वितीय, जयपुर